तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 बारिश के पूर्व जिम्मेदारों ने नहीं दिखाई संवेदनशीलता, अब राहगीर...



12 नीट एंड क्लीन टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं ...



## खबर संक्षेप

### बीएसपी मकान में हादसा बाल-बाल बचे बच्चे

**भिलाई।** बीएसपी के आवास में बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में कर्मी का एक परिवार बाल-बाल बच गया है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी इंकॉस के कर्मी जी वर प्रसाद का परिवार दहशत में है। जिसे लेकर बीते दो साल से इसकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। सेक्टर 5 के सड़क 15 क्वार्टर 1 के के निवासी प्रसाद ने 25 अक्टूबर 2023, 27 जून 2024 को ऑनलाइन रूफ लीकेज की शिकायत की गई है। वाशरूम के सामने शाम को प्लास्टर टूटकर गिरा बीएसपी कर्मी के जुड़वा बच्चे मोनिशा, मोहित वहीं आसपास खेल रहे थे। जो हादसे में बाल बाल बच गए। गौतरलब हो कि सेक्टर 8 में एक दो तले मकान की दीवार ही भरी दोपहरी में भरभरा कर जमीन पर आ गिरी थी।

### महिला के खाते से रुपए पार

**भिलाई।** महिला के बैंक खाते से अज्ञात ने रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एम पी हाऊसिंग बोर्ड निवासी वी मंजुला का बैंक खाता से अज्ञात ने 77 हजार 601 रुपये निकाल लिया। महिला का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई में है। महिला जब खाते के पासबुक की एंट्री कराने बैंक पहुंची। तब रुपए खाते से गायब होने की जानकारी मिली। अज्ञात ने खाते से छल पूर्वक राशि ट्रांसफर कर लिया है। जिसकी सूचना पीड़िता ने शाखा प्रबंधक को दी है। तुरंत खाते को ब्लाक किया गया।

### कालेज सेंटर दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई।** कॉलेज के लिए ऑनलाइन परीक्षा केन्द्र दिलाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि ए/16, चन्द्र विहार आशीष नगर (पश्चिम) रिसाली निवासी राजन कुमार दुबे शैलदेवी महावद्यिालय जंजगिरी रोड ग्राम अंडा का अध्यक्ष है। अज्ञात मोबाइल धारक वेदांत कपुर द्वारा शैलदेवी महाविद्यालय को ऑनलाइन एक्जाम सेंटर का दर्जा दिलाने के नाम पर 12 लाख 39 हजार 483 रुपये का ठगी किया गया। 12 अप्रैल 2025 की दोपहर एचसीएल एक्जामिनेशन सेंटर से वेदांत कपूर के द्वारा ऑनलाइन एक्जाम सेन्टर के लिये शैलदेवी महाविद्यालय को एप्लीकेशन फार्म ई-मेल के द्वारा भेजा गया था। जिसमें ऑनलाइन एक्जाम सेंटर की सारी जानकारी मांगी गई थी। महाविद्यालय के द्वारा 'ए ग्रेड सेंटर के लिये फॉर्म भरके 15 अप्रैल को एचसीएल एक्जाम सेंटर को भेजा गया था। अध्यक्ष राजन कुमार दुबे का आधार, पैन, विगत दो वर्षों को आईटीआर, बिजली बिल की प्रति को मेल में संलग्न किया गया था। दो दिन बाद आरके नायर के द्वारा डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन से जुड़े मेल से भेजा गया।

### 23 थानों की पुलिस को 799 गुंडा-बदमाशों की तलाश

**भिलाई।** दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी थानों की पुलिस को गुंडा बदमाशों की चेकिंग करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी थानों से गुंडा बदमाशों की लिस्ट मंगाई है और सभी की तलाश कर उनकी रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी ने जो लिस्ट मंगाई है उसके मुताबिक जिले के 23 थानों और 6 चौकी मेकी पुलिस को 799 गुंडे बदमाशों की तलाश करनी है। इसमें सबसे अधिक 84 गुंडे बदमाश दुर्ग कोतवाली थाने से हैं। जिले में बढ़ते अपराध को रोकने के लिए लगातार पुलिस अभियान चलाकर अपराधियों में शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। इसके चलते शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात पुलिस की टीम ने गुंडे बदमाशों के अड्डों पर छापा मारा। पुलिस की टीम खुले में शराबखोरी करने, आवारागर्दी करने वालों अराजकतत्वों पर लगाम लगा रही है।

# लोलेसरा सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर में 600 बच्चों की रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय समीप मेला स्थल, ग्राम-लोलेसरा में सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय बाल शिविर का आयोजन कबीरपंथ समाज द्वारा दो दिवसीय किया गया। इस दौरान मेला समिति ने निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की गई हैं। इस दो दिवसीय शिविर में बच्चों 10 से 20 वर्ष के 600 सो से अधिक बच्चे ओर युवाओं ने अपनी सहभागिता दी।

शिविर में प्रशिक्षक महंत गुरूदयाल दास साहेब कानपुर, महंत त्रिलोकी दास साहेब पोटियाडीह धमतरी आश्रम और संत पवन दास रायपुर कि मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। शिविर के इन प्रशिक्षक जनों का कबीर पंत समिति ने उनका स्वागत किया गया। शिविर के प्रथम दिवस प्रातः 7 बजे योग, 8 बजे गुरु महिमा पाठ एवं 9 बजे सामूहिक आरती,10 बजे जलपान-साखी, सुमिरण, सद्गुरु कबीर जीवन दर्शन, दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी 3 बजे भजन सत्संग 4 बजे धनी धर्मदास जी साहेब एवं माता आमीन की अटूट भक्ति, संध्या 5 बजे, संध्या पाठ एवं सामुहिक संध्या आरती, द्वितीय दिवस प्रातः 6:30 बजे योग, 7 सत्संग 4 बजे से प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया दो दिवसीय सद्गुरू कबीर ज्ञानोदय शिविर में वंश गुरुओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हम लोग कबीरपंथी हैं सदगुरु कबीर साहब हमारा ईस्ट है हमारा मालिक है हमारा गुरु है सतगुरु कबीर साहब से बड़ा इस संसार में कोई नहीं है।

## शिविर में गुरु महिमा पाठ एवं सामूहिक आरती, सत्संग और भजन कार्यक्रम हुए



**भगवान सर्वशक्तिमान हैं :** शिविर में शामिल बच्चों के मन में बात होगी भगवान और कबीर साहेब में क्या अंतर है कुछ लोग सोचते हैं भगवान ही सबसे बड़ा है लेकिन भगवान को बताने वाला समझने वाला वह तो हमें भगवान तक पहुंचा देता है कबीर पंथ बहुत बड़ा है पूरे मानव समाज के लिए कल्याणकारी जीवो के उद्धार के लिए चारों युगों के लिए सतयुग में सहेब का नाम सवसृकृत नाम साहेब पड़ा है साहब जब आए अपने पंथ की स्थापना की उन्होंने सहदेवी बाई ने सतयुग मे सहदेवी बाई को 7 वंश की सुनवाई दी क्योंकि उस समय लोगों की उम्र लाख वर्ष की थी त्रेता युग में भुनीन्द्र नाम साहेब आए उसने अपने वंश गादी को चतुर साहब को दे दी गई भुनीन्द्र नाम साहेब की सिहावा पहाड़ पर आज भी समाधि है छत्तीसगढ़ मे द्वापरयुग में करुणामय नाम साहब को गादी मिली और फिर आता है कलयुग मैं सदगुरु कबीर साहेब ने जन्म लिया बस उसी के बताए हुए मार्ग में चलना है काफी गुणवत्ता और ज्ञान की अपुर की प्राप्ति की है सभी उपस्थित होकर शिविर का समापन किया गया और सभी बच्चों ने आशीर्वाद लिया।

**विरोध :** विद्यालय के अस्थाई संचालन को लेकर छात्र छात्राओं और ग्रामीणों आक्रोश

# बावा मोहतरा के केंद्रीय विद्यालय में 996 बच्चों के लिए है मात्र दो कक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बावा मोहतरा में केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन को लेकर सोमवार को छात्रों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। 996 विद्यार्थियों के शासकीय विद्यालय भवन से 15 कक्ष नवोदय के लिए अधिग्रहित किए जाने पर छात्र-छात्राओं ने कवर्धा-रायपुर बायपास पर चक्काजाम कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और छात्रों को समझाइश दी। इसके बाद संचालन को फिलहाल स्थगित करते हुए मामला कलेक्टर के स्तर पर भेज दिया गया है।

- छात्रों ने बायपास पर चार घंटे तक किया चक्काजाम, प्रशासन की समझाइश के बाद हड़ताल स्थगित

**15 कमरों के अधिग्रहण पर संकट:** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावा मोहतरा में पहले से कक्षा 1 से 12वीं तक के लगभग 996 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। स्कूल में कुल 17 कक्षाएं हैं, जिनमें से कई जर्जर हैं और शैक्षणिक कार्य दो पालियों में संचालित होता है। प्रशासन ने केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन के लिए इनमें से 15 कक्ष अधिग्रहित कर लिए, जिससे स्थानीय छात्रों में नाराजगी उभर आई।



### बच्चों ने किया भावुक प्रदर्शन

सोमवार को छात्रों ने थाली, स्लेट और किताबों के साथ सड़क पर बैठकर चक्काजाम किया। /"हमारी पढ़ाई मत छीनो/", /"हमें स्कूल चाहिए/" जैसे नारों के साथ छात्र-छात्राओं ने प्रशासन को मौके पर घेर लिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शन शांत हुआ, लेकिन पालकों ने चेताया कि यदि फिर से संचालन की कोशिश हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



### सरपंच व समिति अध्यक्ष को दी थी नोटिस

ज्ञात हो कि विद्यालय भवन न दिए जाने और विरोध किए जाने पर बेमेतरा एसडीएम ने ग्राम सरपंच और शाला विकास समिति अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इनसे पूछा गया है कि विद्यालय संचालन में बाधा क्यों डाली गई। वहीं समिति अध्यक्ष का कहना है कि– हम नवोदय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन 996 बच्चों को सिर्फ दो कक्षों में बैठाकर उनकी पढ़ाई नहीं छीन सकते।

### संचालन स्थगित करने का निर्णय कलेक्टर लेंगे

जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे ने बताया कि छात्रों के विरोध को देखते हुए अस्थायी संचालन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति से कलेक्टर को अवगत करा दिया गया है, अगली कार्रवाई उन्हीं के निर्देश से होगी।
**स्थायी भवन में ही हो संचालन :** ग्रामीणों ने मांग की है कि केंद्रीय विद्यालय जिले के लिए सौगात है, लेकिन इसका संचालन स्थायी भवन में ही किया जाए। स्थानीय विद्यार्थियों की पढ़ाई पर समझौता कर कोई योजना लागू नहीं की जानी चाहिए।

# बुचीडीह बस्ती में खून से लथपथ युवक का शव मिला हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिले में हत्या जैसे जघन्य अपराध निरंतर सामने आ रहे हैं। कई हत्या के वारदात के मामले में पुलिस जांच कर रही ओर अपराधी की खोजखबर में लगी हुई है। एक हत्या की कड़ी सुलझी नहीं कि दूसरी घटना सामने आ रही है लगातार अपराध का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है जिससे जिले के नागरिकों में जहां चिंता बढ़ी है वही भय का माहौल निर्मित होता जा रहा है फिर एक बार बेरला ब्लॉक में हत्या की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार बेरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरदा से महज 4 किलोमीटर दूर बुचीडीह बस्ती में रविवार की रात हत्या का मामला सामने आ रहा है, जिसमे बेरला पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मर्डर का प्रकरण दर्ज कर जांच-विवेचना शुरू कर दी है। इस मामले में मृतक की शिनाख्त बिहार के 30 वर्षीय अभिषेक सिंह के रूप में हुई है, जो काफी लम्बे समय से स्थानीय पारधी महिला के साथ दम्पत्ति के रूप में रह रहा था, चूंकि अज्ञात आरोपी के द्वारा युवक को धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा गया है तो इस वारदात से क्षेत्र में काफी सनसनी फैल गयी है। बेरला पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक केके सिह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थाना के स्टॉफ मौके पर पहुंचे, जहां पर खून से लथपथ शव का पंचनामा बनाकर मामले में मर्ग कायम किया गया है।

- आरोपी तलाश, थम नहीं रहा है जिले में अपराध

### पुलिस की विवेचना जारी

वही मृतक के बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए बेरला मर्च्युरी भेजा गया है। साथ ही मृतक के परिजनों को भी सूचित कर विधिसंगत जांच-कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बंध में बेरला के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विनय कुमार का कहना है कि हत्या के इस सनसनीखेज मामले को पुलिस द्वारा गम्भीरता से लिया गया है, घटनास्थल पर सभी संदिग्धों की तलाशी व पूछताछ की जा रही है, जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा।

# गांव-गांव में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले के थाना साजा अंतर्गत आने वाले ग्राम कोदवा परिक्षेत्र सहित 7 से 8 किलोमीटर दूर तक के गांव-गांव गलियों की कोने-कोने में बिक रहे अवैध शराब के बोतले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसकी जानकारी थाना साजा व आबकारी बेरला इंस्पेक्टर को दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किया गया। जिसके कारण गांव-गांव में असामाजिकता फैलता जा रहे है। जिनके कारण लोगों में अब सवाल उत्पन्न हो रहे है। रसूखदारों व बिचौलियों की हौसले बुलंद नजर आ रहे है और बेखौफ अवैध शराब की बिक्री कर रहे है। हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 67 शराब दुकान खोल दिया है। लेकिन कई क्षेत्र के लोग नहीं चाहते कि शराब दुकान खुले। जिनका विरोध लगातर किया जा रहा है। नवीन शराब भट्ठी खुलने की प्रक्रिया को बन्द करने के लिए अब स्कूली बच्चे सहित महिलाओं और अंचलवासियों को सड़कों व कलेक्टर के दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे है।

लिहाजा थाना साजा व आबकारी बेरला क्षेत्र के कोदवा, मोहभट्ठा, मनियारी, सिरसा, देवरबीजा आदि ग्रामीण अंचल में खूब शराब बिक रहे है। लेकिन इसकी जानकारी विभाग को तनिक भी नहीं है या फिर जानना नहीं चाहते। इससे अंचल वासियों में चिंता का लकीर और दिखाई देने लगे है। उसके बाद भी गांव में कई युवाओ द्वारा शराब की अवैध बिक्री किया जा रहा है। इसी को अपना रोजगार मानकर रात्रि सुबह 3:30बजे से रात्रि 10 बजे अपराह्न तक लगातार बिक्री करना शासन-प्रशासन की नाक के नीचे अवैध कार्य को अंजाम देना कहीं न कहीं अधिकारी की कार्य पर सीधा निशाना लगाया जा रहा है या फिर थाना साजा पुलिस व आबकारी इंस्पेक्टर बेरला को चुनौती दे रहे है। ऊंचे दाम में बेच कर अपना रोजगार का जरिया बना लिया है।




वही दूसरी तरफ शासन-प्रशासन अवैध शराब बिक्री व मादक पदार्थ की गतिविधियों पर कार्यवाही की नामचीन कार्यवाही किया जा रहा है। इसके बाद भी शराब की अवैध बिक्री पर कोई असर नहीं हो रहे है। जिसके कारण गांव की गलियों, चौंक-चौराहे, कोने-कोने में बेधड़क शराब की बोतले बिक रहे है। इसी के चलते अब स्कूली व कम उम्र की युवा नशे की ओर अपना कदम बढ़ाते जा रहे है। गांव की महिलाएं इस बिगड़ती हालातो से बहुत परेशान नजर आ रहे है।

# भिलाई में बैठकर यूएसए कनाडा में सायबर ठगी

**भिलाई।** माहभर से भिलाई में कॉल सेंटर खोलकर यूएएस और कनाडा में सायबर ठगी करने वाले 9 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि चौहान टाउन में युवक, युवतियों द्वारा एक कॉल सेंटर खोला गया था। वहां ऑनलाइन के जरिए सायबर अपराध ठगी का काम किया जा रहा था। सुपेला थाना और चौकी स्मृति नगर की टीम ने चौहान टाउन बी/2 में दबिश दी। वहां से 6 पुरुष और 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उनकी निशानदेही पर होटल बेल में रूके मुख्य सरगना ग्रीनफिड कालोनी थाना सूरजकुण्ड चौकी ग्रीनफिड जिला फरीदाबाद हरियाणा निवासी अर्जुन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। अर्जुन ने पूछताछ में बताया कि ठगी के इस कारोबार में लाबान जिला ईस्ट खासी हिल्स शिलांग मेघालय निवासी संतोष थापा, पियाली देव, चौहान टाउन निवासी रिया राय, विशाल कर, विवेक देव, मुकेश चंद्रनाथ, सरिता विहार नई दिल्ली निवासी अमित कुमार सिंह, भागलपुर बिहार निवासी अनीश शामिल हैं।

# मुरता में पौधारोपण कर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम मुरता में भक्त माता कर्मा मंदिर समिति और बोल बम समिति के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। समिति अध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि पेड़-पौधे न केवल हमें ऑक्सीजन, फल और छाया देते हैं, बल्कि पृथ्वी को हरा-भरा रखने में भी मदद करते हैं। उन्होंने सभी से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। गेंदु साहू ने कहा कि स्वच्छ



पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन का आधार है, वहीं लोकेश साहू ने इसे सभी नागरिकों का नैतिक दायित्व बताया। डाकेश्वर साहू ने तुलसी, पीपल, नीम और बरगद जैसे वृक्षों की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति सदस्य गैदू साहू, कुलेश्वर साहू, मोहन साहू (पंच), गणेश साहू (पंच), दिनेश यादव, धन्ना साहू, चेतन साहू, सोनराज साहू, हूमेंद साहू और नानू साहू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

उल्लंघन करने वाले पर पंचायत करेंगी सख्त कार्रवाई

# आनंदगांव में ग्राम पंचायत ने शराब की अवैध बिक्री व सार्वजनिक उपभोग पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आनंदगांव में पंच परमेश्वर की टीम ने सराहनीय कदम उठते ग्राम में अवैध शराब बिक्री ओर सार्वजनिक पीने पिलाने वालों पर एक्शन लेगी। बकायदा ग्राम में इस निर्णय का नोटिस भी जारी किया है।

ग्राम के सरपंच, सचिव व पंचों की बैठक हुई जिसमें अवैध शराब से ग्राम के बिगड़ते हालात पर चिंता जताई और एक राय से सहमति बनाते हुए तय किया कि गांव के परिक्षेत्र में किसी के द्वारा भी शराब की अवैध बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर सेवन किए जाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। ग्राम सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत में अवैध शराब बिक्री ओर सार्वजनिक पीने पिलाने पत्र जारी कर दिया जिसमें कहा गया कि इस नियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर सख्त कार्यवाही किया जाएगा। पंचायत की ओर से लिए गए निर्णय ओर जारी मुनादी सूचना पर ग्राम आनंदगांव के सरपंच चंदन नायक ने बताया कि यह ग्रामों की सामाजिक व्यवस्था और शांति नियम बनाए रखने के लिए लिया गया है।जिसे प्रशासन ओर ग्रामीण के सहयोग से सख्ती से पालन कराया जाएगा।



**पंचायत ने मुनादी में कराई:** पंचायत सरकार ने ग्राम में मुनादी में उल्लेख करते हुए कहा कि ग्राम वासियों को सूचित किया जाता है कि आनंदगांव के परिक्षेत्र (सर्कल) में शराब बेचना और सार्वजनिक जगहों पर शराब पीना सक्त मना है।

यदि किसी व्यक्ति को शराब बेचते पकड़े जाता है तो उस पर सक्त कानूनी कार्यवाही किया जाएगा और सभी ग्राम वासी के समक्ष उसे दण्डित किया जाएगा। साथ ही उस व्यक्ति व उसके परिवार का सभी सरकारी योजना को तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया जाएगा। सभी से आग्रह करते हुए पंचायत ने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे इन नियमों का पालन करें और अपने स्टेटस/सामाजिक माध्यमों में यह सूचना साझा करें, ताकि पूरे गांव को इन नियमों की जानकारी मिल सके। यदि किसी को शराब बेचने या सेवन की कोई जानकारी है, तो तुरंत पंचायत को सूचित करे। वही इस फैसले पर ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच सहित ग्रामों के प्रमुख नागरिकों ने इस आदेश पर हस्ताक्षर कर सहमति जताई है। यह कदम नशामुक्ति समाज एवं सुरक्षित ग्रामीण पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। नवीनतम से आवश्यक है कि वे पंचायत के निर्णय में पूर्ण सहयोग करें।

# बीसीसीआई के मापदंड में स्टेडियम खरा, एग्रीमेंट के बाद शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को लेकर बीसीसीआई के प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मापदंड में रविशंकर स्टेडियम को खरा पाया है। प्रतिनिधि मंडल ने निरिक्षण के बाद जिला प्रशासन को जमीन हस्तांतरण के लिए दस्तावेज तैयार करने के निर्देश भी दिए है। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया के तहत जल्द ही राज्य शासन और बीसीसीआई के बीच एग्रीमेंट होगा, जिसके बाद आगामी 33 साल के लिए स्टेडियम को बीसीसीआई अपने निगरानी पर चलाएंगी।

स्टेडियम का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मापदंडो के अनुसार कायाकल्प करने प्रारंभिक तैयारी के रूप में निरिक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधि मंडल रविवार को दुर्ग पहुँचे और स्टेडियम में निर्माण संबंधित सभी तकनीकी पहलुओं का मौका मुआयना किया।

बीसीसीआई से प्रक्रिया आगे बढ़ाने हेतु मिले निर्देश के बाद रविवार को विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि सीसीपीएल के डायरेक्टर विजय शाह, सीएससीए उपाध्यक्ष प्रमोद शंकर शर्मा, पूर्व सह सचिव विनय बजाज, संचालन समिति के सदस्य योगेश बागड़ी, क्रिकेट ऑपरेशन के एजीएम सचिन टांक, बोर्ड मेंबर अजय तिवारी, टेक्निशियन प्रभात सक्सेना, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अग्रवाल और तकनीकी टीम के साथ मापदंड के मुताबिक स्टेडियम निर्माण हेतु सभी पहलुओं का मौका मुआयना किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट आयोजन हेतु पार्किंग और पर्याप्त स्थल पर संतोष जताते हुए जमीन हस्तान्तरण करने और अनुबंध प्रक्रिया में तेजी लाने निर्देश दिए गए है।

### मानस भवन टूटेगा, तांदुला परिसर में पार्किंग

विधायक ने बताया कि, वर्तमान में स्टेडियम दस एकड में फैला है, अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के लिए 19 एकड की और जरूरत होगी। इसके दायरे में आ रहे मानस भवन टूटेगा, वही पार्किंग के लिए तांदुला कार्यालय परिसर का उपयोग किया जाएगा। शहर के राजेंद्र प्रसाद चौक से लेकर एसपी बंगला चौक तक के क्षेत्र को चारो ओर से खेलगांव की तरह विकसित करने प्रशासनिक अधिकारियो के साथ प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया गया है, ताकि बीसीसीआई के मापदंड के अनुरूप जमीन को हस्तान्तरित किया जा सके। वर्तमान में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 40 हजार है। जिसकी क्षमता और बढ़ाई जाएगी। स्टेडियम परिसर से लगे हुए एरिया में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग पाथवे बनाए जाएंगे। बीसीसीआई कार्यालय, प्रवेश द्वार, एप्रोच रोड, हॉस्टल, प्रैक्टिस एरिया, मैच के पार्किंग सहित निर्माण होने वाले सभी पहलुओ का स्थल निरीक्षण किया गया। मौका मुआयना करने के दौरान दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संजू श्रीवास्तव, सुरेश साहू सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पं रविशंकर स्टेडियम का चार सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण



### पेपर वर्क जल्द तैयार करने कहा

ड्राइंग के मुताबिक स्टेडियम के चारों ओर खेल एरिया, पार्किंग, इंडोर और आउटडोर निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण कर पेपर वर्क को शीघ्र तैयार करने कहा गया है। जिससे लीज प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द निर्माण प्रारंभ किया जा सके। बीसीसीआई द्वारा स्टेडियम को विकसित किये जाने से दुर्ग शहर को नई पहचान मिलेगी और दुर्ग का नाम देश उमदा शहरों में गिना जायेगा।

### विधायक की पहल पर बीसीसीआई ने भेजा प्रस्ताव

दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के जरिए जिला प्रशासन को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा था। जिस पर जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में दुर्ग के पंडित रविशंकर स्टेडियम को 33 साल की लीज पर बीसीसीआई को देने प्रस्ताव पारित किया गया। दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनने से दुर्ग नई ऊंचाई मिलेगी। खिलाड़ियों को लाभ मिलने के साथ यहां का व्यापार बढ़ेगा और स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिलेगा। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, दुर्ग में खेल अकादमी बनने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच भी होंगे। क्रिकेट संचालन समिति के सदस्य योगेश बागडी ने बताया कि, बीसीसीआई के मापदंड में 175 मीटर का दायरा जरूरी है। वर्तमान में स्थिति वैसी ही है। इसलिए सभी मापदंड में स्टेडियम सही पाया गया।

## खबर संक्षेप



### रूद्र सेना ने सौंपा सांसद विजय को ज्ञापन

**भिलाई।** जनसंख्या नियंत्रण कानून को जल्दी बनवाने के समर्थन में रुद्र सेना द्वारा सांसद एवं रूद्र सेना के संरक्षक विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा। सासंद ने ज्ञापन को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने बताया कि यह देश के लिए सबसे जरूरी है। हमारे सदस्यों के लिए भी यह बात लागू होती है कि वह यह अभियान राष्ट्रीय हित का अभियान एवं अपने घर का अभियान मानकर आगे बढ़े अन्यथा आने वाली पीढ़ी इसके दुष्परिणाम भुगतने के लिए बाध्य हो जाएगी। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा नेता एवं गैर राजनीतिक संगठन रूद्र सेना प्रमुख अरुण बेरी, जीपी तिवारी, ज्ञानेंद्र पांडे, नवीन जैन, प्रमोद सोनी, वीके सिंह उपस्थित थे।

### मकान नहीं बनाया 80 लोगों को नोटिस

**भिलाई।** मोर जमीन-मोर मकान घटक अंतर्गत राशि आबंटन किया गया है। किन्तु हितग्राहियों द्वारा किश्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी मकान निर्माण की प्रक्रिया प्रांरभ नहीं की जा रही है। मात्र 19 हितग्राहियों द्वारा वर्तमान में आवास का निर्माण कर लिया गया है। शेष 80 हितग्राहियों द्वारा अभी तक मकान निर्माण की प्राक्रिया प्रारंभ नहीं किए है उन्हे नोटिस दिया जा रहा है।

### तीन सरकारी एजेंसियों का अरबों का है बजट

# नीट एंड क्लीन टाउनशिप में बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

टाउनशिप में तीन,तीन सरकारी एजेंसियों की मौजूदगी के बाद भी लाखों लोगों को विकास के लिए तरसना पड़ रहा है। अरबों का बजट होने के बाद भी भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर निगम भिलाई और रिसाली निगम बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त नहीं करवा पा रहे हैं। बारिश के मौसम ने हालत दुबले पर दो आषाढ़ की तरह कर दी है।

■ नाकाफी साबित हो रहे बीएसपी व भिलाई, रिसाली नगर निगम

उल्लेखनीय है कि कुछ साल पूर्व तक सर्वसुविधायुक्त माने जाने वाली नीट एंड क्लीन टाउनशिप में नागरिक सहूलियतें बदहाल हो रही हैं। जबकि यहां विकास और मेंटेनेंस के लिए बीएसपी के अलावा नगर निगम भिलाई और नगर निगम रिसाली यानी तीन एजेंसियां हैं। इनका बजट भी अरबों रुपए का है। सभी सेक्टरों में सफाई,आवास, पेयजल, क्रास स्ट्रीट, बिजली गुल होने आदि समस्याएं व्याप्त हैं। इनके चलते रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों के मुताबिक पिछले पांच सात साल से लोकेशन के साथ नागरिक सुविधाओं के मामले में भी टाउनशिप की चर्चा होती थी। लेकिन बुनियादी सुविधाएं चरमराने की स्थिति में हैं। सबसे बड़ी आवासीय समस्या है। पचास साठ साल पूर्व बने बीएसपी कर्मियों के मकान जर्जर हो चुके हैं। आवासों की दीवारें, स्लैब और छज्जों के प्लास्टर टूटकर गिरते रहते हैं। बारिश में सीपेज की समस्या भी बनी हुई है। वायरिंग व स्विच बोर्ड टूटे व टायलेट बाथरुम जाम होने की शिकायतें बढ़ रही हैं। आवासीय परेशानी के अलावा पूरे टाउनशिप की सफाई व्यवस्था चरममरा गई है। सेक्टर 6,7 सेक्टर 4,8 और सेक्टर 10 आदि सभी सेक्टरों में सड़कों और आवासीय ब्लाकों के आसपास कचरे के ठेर लगे हैं। डस्टवीन ओवरफ्लो होने से गंदगी व बदबू का फैल रही है। रहवासियों ने बताया कि सफाई कर्मी दो तीन दिन के अंतराल मे आते हैं और आधा अधूरा कचरा उठाकर चले जा रहे हैं। आए दिन बिजली गुल हो रही है। सेक्टर 1, सेक्टर 3 सहित सभी सेक्टरों में एक दो दो घंटे बिजली गुल रहती और आती जाती रहती हैं।

### सफाई व्यवस्था चरमराई, बिजली की आंखमिचौली



### आवारा मवेशी और कटखने डाग

टाउनशिप में एक बड़ी समस्या आवारा मवेशियों की बढ़ चली है। इससे लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। सेंट्रल एवेन्यू, गैराज रोड आदि मुख्य सड़कों के साथ टाउनशिप के आवासीय ब्लाकों के परिसर में हजारों गाय, सांड और बछड़े आदि विचरते हुए गोबर कर गंदगी फैला रहे हैं। इनसे अस्वछता के साथ दुर्घटनाओं में वृद्धि भी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा आवारा मवेशी पकड़ो अभियान रस्मअदायगी में सिमट कर रह गया है। मवेशियों के अलावा आवार कुत्तों की भी समस्या बढ़ रही है। सड़कों पर कुत्ते समूहों में लोगों को दौड़ाते हैं और इनके काटने की भी घटनाएं बढ़ रही हैं।

### पेयजल किल्लत व जर्जर स्ट्रीट

टाउनशिप में अधिकतर मुख्य सड़कें तो चकाचक हैं। कई सड़कों का डामरीकरण व चौकों को सौंदर्यीकरण हुआ है लेकिन सभी सेक्टरों की क्रास स्ट्रीटें सालों से जर्जर हैं। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 6, 8 और सेक्टर 3 में बारिश में पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है और गड्ढों से गाड़ियों के कलपुर्जे खराब होने के साथ आए दिन टायर पंचर हो रहे हैं। इसके अलावा पेयजल किल्लत व नलों में शुरु में गंदा पानी आता है। नल दस पंद्रह मिनट पहले बंद हो रहे हैं।

### भिलाई-दुर्ग के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे

# रेलवे मजदूर कांग्रेस के अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेलवे मजदूर कांग्रेस का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें भिलाई-दुर्ग के रेलवे मजदूर कांग्रेस के कर्मी पहुंचे थे। अधिवेशन नागपुर में संपन्न हुआ। अधिवेशन में बिलासपुर, नागपुर, रायपुर मंडल के डेलीगेट, जनरल काउंसिल मेंबर, केंद्रीय पदाधिकारी पहुंचे थे। अधिवेशन के पहले दिन अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, विशिष्ट अतिथि मंडल रेलवे प्रबंधक नागपुर दीपक कुमार गुप्ता, सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुंबई अध्यक्ष प्रवीण वाजपेई, वेस्ट सेंट्रल रेलवे संघ के महामंत्री अशोक शर्मा शामिल हुए। अधिवेशन में ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की जोरदार मांग की गई। एनपीएस के कारण कर्मियों की आर्थिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है। पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की सेवा के प्रति सुरक्षा का भाव पैदा करती थी। जबकि वर्तमान एनपीएस व्यवस्था में सेवानिवृत्ति के बाद पर्याप्त लाभ की कोई गारंटी नहीं है। सम्मेलन में रेल कर्मचारियों के हित में कई प्रस्ताव पारित किए गए। मुख्य रूप से ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली, वर्तमान यूपीएस के प्रस्ताव को ना मंजूर करना, सेफ्टी से जुड़े रेलवे के रिक्त पदों की तत्काल भर्ती करने, प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों पर कर्मचारियों को वीआईपी रेस्ट हाउस बुक करने का अधिकार दिलाना। अनुकंपा नियुक्ति में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को परीक्षा के बिना योग्यता के आधार पर ग्रुप सी में नियुक्त करने और निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई है।

- ■ रायपुर डिविजन उदय, नागेश्वर को मिली जिम्मेदारी
- ■ रेलवे कर्मियों के हित में कई प्रस्ताव भी

### इन्हें मिली है जिम्मेदारी

मजदूर कांग्रेस रायपुर डिविजन मंडल समन्वयक डी विजय कुमार ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में 24 केंद्रीय पदाधिकारियों को भी चुना गया। राजेंद्र प्रसाद, बीडी प्रसाद,भीमराव बोदेलकर को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन और महामंत्री पितांबर लक्ष्मी नारायण निर्वाचित हुए। इसमें रायपुर डिविजन से उदय यादव,नागेश्वर राव को एडिशनल ज्वाइंट जरनल सेक्रेटरी बनाया गया है। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, रविन्द्र कुमार धल, संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री, बी. कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, इंदल दमाहे, अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े, जीएस आइच, डीडी महेश, शुभम उपाध्याय, राजेश सोनकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष युवा साई किरण को जिम्मेदारी मिली है।

## परशुराम भवन में आमसभा, भूमिहार समाज के उत्थान का लिया संकल्प



**भिलाई।** भूमिहार ब्राह्मण समाज की आमसभा सेक्टर -2 परशुराम भवन में हुई। अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह ने सामाजिक सदस्यों के उत्थान का आह्वान किया। महासचिव मधु सूदन शर्मा सामाजिक गतिविधियों व कोषाध्यक्ष कृष्णा नन्द राय ने सालाना आय व्यय का बजट रखा, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृत किया 1 संचालन बलराम सिंह व धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश राय ने किया। सभा ने समाजिक सहयोग राशि को 3 लाख से 5 लाख, भवन के विस्तारीकरण पर 15 लाख की राशि स्वीकृति दी, फ्रीजर, अंतिम संस्कार, शादी व्याह के लिए भी राशि स्वीकृति दी। इस अवसर पर एएन सिंह, रामजी राय, चंद्रमा राय, संजय सिंह, अजय राय, नवीन राय, संजीव सिंह, सत्यप्रकाश राय, हरेंद्र राय, विपिन ठाकुर, बंटू शर्मा, अंजनी राय, सुनिल शुक्ला, शंभू नाथ राय, मनीष शर्मा एवं संरक्षक, आजीवन सदस्य उपस्थित थे।

# टाकीज से प्रेक्षागृह बना नेहरू हाउस मांग रहा मेंटनेंस, दो महीने से बंद, कहां हो नाट्य मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई के फौलादी रंगकर्म को राष्ट्रीय फलक देने में अहम भूमिका निभाने वाला नेहरु सांस्कृतिक सदन पिछले लंबे समय से मेंटेनेंस मांग रहा है। पचास साल पुराने इस प्रेक्षागृह के जर्जर होने से नाट्य संगठनों के साथ विभिन्न संस्थाओं व विविध आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 5 दशकों से सेक्टर एक स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन नाटकों के मंचन के साथ सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजनों का प्रमुख केंद्र है। खासकर ट्विनसिटी के रंगमंच को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में इस प्रेक्षागृह की अहम भूमिका रही है। लेकिन पिछले आठ दस साल से इस भवन के जर्जर होने से नाट्य संगठनों को नाट्य मंचन में दिक्कत आ रही है। भवन का स्टेज ऊबड़खाबड़ होन से कलाकारों को मंचन में दिक्कतें होती हैं। 5 साल पूर्व रिवाल्विंग ढांचे को निकाल दिया गया है और ऊपर उठने वाले परदे को भी हटा गया है। कलाकारों ने बताया कि अंदर दीवारों पर प्लाइ व परदे भी हटा दिए जान से आवाज इको होते रहती है। कई कुर्सियां भी टूट चुकी हैं। वाशरुम व मेकअप रुम भी समस्याग्रस्त हैं। भवन के बाहर दीवारें व स्लैब तथा यहां आवंटित नाट्य संगठनों के कक्ष भी जर्जर हो चुके हैं। भवन को पिछले दो महीने से बंद बंद कर दिया गया है।

■ जर्जर हुआ भवन, रिवाल्विंग स्टेज अव्यस्थित



### तीस साल पहले थी टाकीज

पिछले पचास साल के दौरान बीएसपी के छत्तीसगढ़ लोक कला महोत्सव सहित कई बड़े सांस्कृतिक आयोजनों का साक्षी रहा नेहरु हाउस तीन दशक पूर्व टाकीज हुआ करता था। यहां बीएसपी द्वारा कलामंदिर (चित्रमंदिर) की तरह कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए हिंदी व अंग्रेजी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाता था। 1992 में इस टाकीज को प्रेक्षागृह में तब्दील कर दिया गया। नेहरु सांस्कृतिक भवन में पूर्व पीएम राजीव गांधी व इस्पात मंत्री सहित प्रसिद्ध मोटिवेटर राजीव दीक्षित सहित कई हस्तियों की सभा हो चुकी है।

## बीमारी के लिए किया जागरूक

**भिलाई।** निगम ने मौसमी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के रोकथाम के लिए लोगों से अपील की जा रही है कि वे बारिश के दिनों में अपने घरों के कंटेनर, गमले या खाली पात्र में पानी रूकने न दें। सफाई करते रहें। रोगों के बचाव, रोकथाम और नियंत्रण हेतु महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने नागरिकों से अपील की। मच्छर के व्यस्क अवस्था में पहुंचने से पहले ही प्रारंभिक जीवन काल में अर्थात लार्वा स्तर पर ही समाप्त कर देना चाहिए।कमच्छर लार्वा स्त्रोत नियंत्रण के तहत सभी नागरिक अपने घर में उपयोग कर रहे कूलर का पानी साफ कर व सूखाकर पालीथीन से ढककर रखें। अपने अपने घर में संग्रहित किए गए पानी पात्रों को ढंककर रखें।बाग -बगीचों में रखे गए कबाड़ व अनुपयोगी पात्रों को नष्ट करें अथवा हटा लें जिससे कहीं बरसाती पानी का जमाव ना हो।घर के आसपास के गड्ढों व नालियों के रूके पानी में जला आयल डाल दें। निगम आयुक्त के निर्देशों के परिपालन में निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम का कार्य जारी है।

### इधर प्रबंधन भी उत्पादन बनाए रखने के लिए कटिबद्ध, 9 जुलाई को हड़ताल

# बीएसपी में देशव्यापी हड़ताल को लेकर यूनियनें कर्मियों को कर रहीं एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

केंद्र सरकार की 4 लेबर कोड सहित अन्य श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में भी हड़ताल की तैयारी यूनियनों ने तेज कर दी है। एक ओर श्रमिक संगठन हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों को लामबंद कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने हड़ताल को नाकाम करने कवायद शुरु कर दी है। हड़ताल को लेकर रविवार को इंटक कार्यालय में संयुक्त यूनियन की हुई कन्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने रणनीति पुख्ता की गई।

केंद्र सरकार की चार श्रम संहिताओं व निजीकरण सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर संयुक्त श्रमिक संगठन 9 जुलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल में भी हड़ताल का आव्हान किया है। हड़ताल को लेकर यूनियनें और प्रबंधन आमने-सामने आ गए हैं। एक तरफ हड़ताल को पूरी तरह सफल बनाने के लिए संयुक्त यूनियन द्वारा प्रबंधन को नोटिस देकर प्लांट के अंदर व बाहर कर्मचारियों को जागरुक किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने बीएसपी में शत प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने यानी उत्पादन व कामकाज सामान्य बनाए रखने की जोरआजमाईश तेज कर दी है। यूनियनों ने आज बैठक लेकर बोरिया गेट, मेन गेट और खुर्सीपार गेट पर पंफलेट बांटने के साथ प्लांट के अंदर वर्कर्स से मिलकर हड़ताल मे शामिल होने अपील की जा रही है। वहीं प्रबंधन ने बिना नोटिस का हवाला देते हुए हड़ताल में शामिल होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए चेताया है। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके आलाव प्रबंधन द्वारा उत्पादन को बनाए रखने के लिए नाइट शिफ्ट के कर्मियों को रात में प्लांट में हो रोककर रखने व उनके लिए खाने व नाश्ते की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यूनियनों की रणनीति है कि पांच साल से लंबित सेल वेतन समझौता को पूर्ण कराने और सामने यूनियन चुनाव को देखते हुए हर स्थिति में हड़ताल को सफल बनाया जाए।



### पिछली बार की तरह हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति

गौरतलब हो कि पिछले साल 28 अक्टूबर को हुई देशव्यापी हड़ताल की गई थी। यूनियनों ने बीएसपी में हड़ताल के सफल को सफल बताया था। यहां पचास से साठ प्रतिशत हड़ताल सफल होने का दावा किया गया था। वहीं इसके पूर्व बीएसपी में 30 जून 23 को हुई हड़ताल में शामिल कर्मियों के खिलाफ प्रबंधन ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए कुछ कर्मियों का तबादला कर दिया था।

### सम्मेलन में संयू का संकल्प

संयुक्त यूनियन के संयोजक व इंटक के महासचिव वीबी सिंह ने बताया कि हड़ताल को सफल बनाने इंटक कार्यालय में हुई क्न्वेंशन में हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। प्रबंधन आईआर को हड़ताल का नोटिस दिया जा चुका है। एटक जीएम वीके सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीटू के एसपी डे, एक्टू के बृजेंद्र तिवारी, एचएमएस के पीके मिश्रा, लोइमू के मोहंती, स्टील वर्कर्स यूनियन के एनके गुप्ता सहित 7 यूनियन के नेताओं ने कर्मियों से हड़ताल को लेकर जागरुक रहने की अपील की ।

## परीक्षा परिणामों का विश्लेषण कर प्रश्नपत्रों की समीक्षा

**भिलाई।** स्कूल या कॉलेज सभी विद्यार्थियों के जीवन में परीक्षा परिणाम का दिन सबसे अहम पल होता है। जिसके लिए वे साल भर मेहनत करते है, जिसके परिणाम स्वरुप वे अपने जीवन की सफलता के नए सोपान पार करते है। विद्यार्थियों के लिए वो पल भी अविस्मरणीय हो जाता है जब उनकी सफलता पर कालेज में उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाता है। ऐसे ही फार्मेसी विद्यार्थियों के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को शैसे और प्रतीक चिंन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। जिसे देख अन्य विद्यार्थी भी प्रोत्साहित हुए। स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ फार्मेसी में स्नातक प्रथम वर्ष बी फॉर्म के परीक्षाफल की समीक्षा की गई और प्रथम पांच प्रवीण्य क्रम के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। विभाग प्रमुख डॉ गुंजन जैसवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बी फॉर्म की परीक्षा का परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विभाग के प्राध्यापकों ने परीक्षा परिणाम का विश्लेषण किया और सभी प्रश्नपत्रों की समीक्षा की गई। प्रथम पांच सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रोत्साहन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष भर की मेहनत का ही परिणाम है कि उत्कृष्ट परीक्षाफल आया है।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल नंबर की अनिवार्यता में दी गई छूट

**कवर्धा।** प्रदेश के श्रम विभाग अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन के लिए मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही भी जिनके पास मोबाइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। हितग्राहियों की इसी परेशानी को देखते हुए अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छूट दी गई है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। शासन का यह राहत भरा कदम है। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लेकर विभाग को निर्देश जारी किए गए है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समझी महाविद्यालयीन छात्राओं की पीड़ा

## महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए पांच निःशुल्क बसों का शुभारंभ, बीरेन्द्र नगर में खुलेगा महाविद्यालय, कुण्डा में बनेगा नवीन महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

रविवार का दिन विधानसभा पंडरिया क्षेत्र की जनता के लिए सौगातों भरा रहा। क्षेत्रीय विधायक तथा जनसेविका श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से जहां क्षेत्र की महाविद्यालयीन छात्राओं को पांच निःशुल्क बस सेवा की सौगात मिली वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मांग पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रणवीरपुर में नवीन उप तहसील, आगामी शिक्षा सत्र से वीरेन्द्र नगर में महाविद्यालय, पंडरिया में 250 सीटर नवीन नालंदा परिसर, कुण्डा में महाविद्यालय के लिए नवीन भवन, पंडरिया में नवीन नगर पालिका भवन निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए के विशेषरा नाला स्थित पुल से हरिनाला तिराहा तक 2.1 किमी मार्ग का चौड़ीकरण एवं 4 लेन में उन्नयन की घोषणा की। इसके अलावा पंडरिया क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की वर्चुअल उपस्थिति तथा सांसद संतोष पाण्डेय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी की मौजूदगी में 72 करोड़ 73 लाख 69 हजार रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भी लोकार्पण व भूमिपूजन किया। माना जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा ने अपने महज 18 माह के अल्प विधायकी कार्यकाल में जनभावनाओं के अनुरूप इतनी बड़ी सौगातें क्षेत्र की जनता को दी हैं जो शायद क्षेत्र की जनता ने भी नहीं सोचा होगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह कटू सत्य है कि पंडरिया विधानसभा जैसे बड़े क्षेत्र में महाविद्यालयों की संख्या कम होने के बाद अधिकांश बालिकाओं को अपने गांव घर से महाविद्यालयों की दूरी के चलते या तो हायर सेकेण्डरी के बाद महाविद्यालयीन स्तर की पढ़ाई छोड़नी पड़ जाती थी या फिर वे अनियमित दाखिला लेकर महाविद्यालयीन पढ़ाई करने मजबूर हो जाती थी। लेकिन पंडरिया की संवेदनशील महिला विधायक भावना बोहरा ने बालिकाओं की इस समस्या और पीड़ा को महसूस करते हुए इसका एक शानदार रास्ता निकालते हुए पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए पांच निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ की। लोगों की माने तो इस बस सेवा के प्रारंभ होने से न सिर्फ महाविद्यालयीन छात्राओं को लाभ मिलेगा बल्कि वे छात्राएं भी महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त करने आगे आएंगी जिन्होने महाविद्यालय की दूरी के कारण अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने का मन बना लिया था। महाविद्यालयीन छात्राओं को यह तो पता था कि पंडरिया क्षेत्र में उनके लिए पांच निःशुल्क बसों का शुभारंभ किया जा रहा है लेकिन उनके लिए सोने पर सुहागा तब हो गया जब क्षेत्रीय विधायक की मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आगामी शिक्षा सत्र से वीरेन्द्र नगर में महाविद्यालय खोले जाने तथा कुण्डा में महाविद्यालय के लिए नवीन भवन की घोषणा की। निश्चित रूप से यह पंडरिया विधानसभा के विकास के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से एक नया अध्याय लिखा गया है।

### विधायक भावना बोहरा प्रदेश सरकार के प्रति जताया आभार



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडरिया विधानसभा में 72 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हुआ है, साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत 600 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके सपनों को साकार करने का यह क्षण उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। हरिनाला पुल का निर्माण और बाईपास जैसे बहुप्रतीक्षित कार्यों को गति मिली है, जो भाजपा सरकार की पारदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## समस्या: बारिश ने खोली तथा कथित विकास के दावों की पोल

# बारिश के पूर्व जिम्मेदारों ने नहीं दिखाई संवेदनशीलता, अब राहगीर हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

करोड़ों के विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन, विभिन्न जनसुविधाओं की घोषणा निश्चित रूप से प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करती है। लेकिन वर्षाकाल के प्रारंभ होने के साथ ही जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों से, विकास की रीढ़ मानी जाने वाली सड़कों की जो तस्वीरें सामने आ रही है वह शासन-प्रशासन और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की संवेनशीलता पर सवाल खड़े करते दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल और जर्जर सड़कों ने क्षेत्रवासियों की राह में रोढ़ा खड़ा कर दिया है। आलम ये है कि जिले के कई ईलाकों की सड़कें तो इतनी जर्जर और खस्ताहाल हैं कि वर्षाकाल में इन सड़कों पर वाहनो का चलना तो दूर पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। जबकि सूखे के दिनो में ही अपने क्षेत्र की इन खस्ताहाल और जर्जर सड़कों से वर्षाकाल के दौरान उत्पन्न होने वाली इस तरह की समस्या की आशंका को भांपते क्षेत्रवासियों ने सड़क नवीनीकरण से लेकर सड़क मरम्मत की मांग को लेकर गुहार लगाना शुरू कर दिया था। लेकिन क्षेत्र के शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की इसे घोरलापरवाही, उदासीनता व असंवेदनशीलता ही कहें की उन्होने न तो क्षेत्रवासियों की गुहार पर कान दिए और न ही इन खस्ताहाल व जर्जर सड़कों से वर्षाकाल में उत्पन्न होने वाली लोगों की पीड़ा को महसूस किया। नतीजा आज सबके सामने है। पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोलेगांव से बसनी, पेंड्रीकला, हथमुड़ी तक की सड़क, ग्राम कुआंमालगी से अमलीमालगी तक लगभग 3 किलो मीटर की सड़क से लेकर ऐसी कई सड़कें है जो बारिश के इन दिनो में चलने के लायक नहीं रह गई है। इन सड़कों में निर्मित हो चुके बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर गया है। जिससे वाहन चालक गड्ढों की गहराई का अंदाजा ही नहीं लगा पा रहे हैं और दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा वर्षाकाल के इस सीजन में इन खस्ताहाल सड़कों से विद्यार्थियों, जरूरत मंद मरीजों के लिए एम्बुलेंस, महतारी एक्सप्रेस जैसे अतिआवश्यक वाहनो के आने जाने में भारी समस्या हो रही है। जिसका खामियाजा लोगों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है।

### वर्षा पूर्व कम से कम गड्ढे तो भरे ही जा सकते थे?



हालांकि सुनने में तो ये भी आ रहा है कि कई खस्ताहाल सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृति शासन से मिलने के महिनो बाद भी उनका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। खैर हो सकता है कि इसका भी कोई बाजिब कारण हो। लेकिन माना जा रहा है कि शासन-प्रशासन, संबंधित विभाग, क्षेत्रीय सांसद, क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच जैसे तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, थोड़ी भी संवेदनशीलता दिखाते तो कम से कम वर्षाकाल के पूर्व एक अभियान चलाकर इन खस्ताहाल सड़कों के गड्ढों को तो भरा ही जा सकता था। अगर ऐसा किया जाता है तो क्षेत्र के लोगों को वर्षाकाल के सीजन में इस तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता।



# कलेक्टर ने कान पकड़वाने की गलती स्वीकार कर खेद जताया

- कलेक्टर के अनुरोध पर टीचर्स एसोसिएशन ने मामले को किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

जिले में जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों को कलेक्टर द्वारा कान पकड़वाने की घटना को लेकर चल रहे विवाद अब समाप्त हो गया है। विगत तीन जुलाई को घटित कान पकड़वाने की घटना को जिले के एक मात्र संगठन छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने अनुचित व सिविल सेवा आचरण संहिता के विरुद्ध बताया था। इसके बाद एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के दस हजार कर्मचारियों-अधिकारियों सहित प्रदेशभर के पांच लाख कर्मचारियों-अधिकारियों के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा के लिए स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग किया था। इस मामले की समाप्ति तब हुआ जब एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने रविवार को सायं स्वयं फोन कर चर्चा के लिए कलेक्टर बंगला बुलाया, जिसके बाद एसोसिएशन की जिला टीम के साथ कलेक्टर ने रात्रि 7.30 बजे से लगभग डेढ़ घंटे तक विस्तार से चर्चा कर कान पकड़वाने की घटना के लिए खेद जताया। टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के बेलगाम अधिकारियों पर कर्मचारी हित में उचित वक्त पर लगाम लगाने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, देवानंद चन्द्रवंशी, कैलाश शर्मा, राजकिरण चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजू चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### 42 कर्मचारियों पर नहीं होगा कार्रवाई

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला पंचायत व समग्र शिक्षा कार्यालय के 42 कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध समय पर उपस्थित नहीं होने को लेकर विगत तीन जुलाई को नोटिस जारी किया गया था, जिसे लेकर कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगा। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने चर्चा के दौरान अपने संघ के पदाधिकारी व सदस्य शिक्षकों के विरुद्ध किसी भी अधिकारी द्वारा दुर्भावनावश कोई कार्यवाही नहीं करने की मांग रखा, जिस पर कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया है।

## दम तोड़ती धान की फसल में आई जान



**कोलेगांव।** बीते दो-तीन दिनो से कोलेगांव सहित आसपास के ईलाकों में हो रही हल्की तेज बारिश से सिंचाई के आभाव में दम तोड़ रही असिंचित क्षेत्र की धान की फसल में अब जान सी आ गई है। वहीं बीते करीब दो हप्ते से आसमान की ओर टकटकी लगाए फसल को लेकर बेहद चिंतित किसानो ने फिलहाल राहत की सांस ली है। लेकिन फिर भी किसानो की माने तो धान की बोआई के बाद असिंचित क्षेत्र में बारिश के आभाव से धान को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई अब संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि करीब धान बोआई के करीब हप्तेभर से अधिक समय से जारी सूखे की स्थिति के बीच बीते दो-तीन दिन से कोलेगांव सहित आसपास के ईलाकों में हल्की तेज बारिश हो रही है। जिससे सार्वधिक फायदा असिंचित क्षेत्रों में दम तोड़ रही धान की फसल को हुआ है। किसानों की माने तो निश्चित रूप से इस समय हो रही बारिश धान के लिए अमृत से कम नहीं है। इससे धान की फसल को काफी फायदा होगा। किसानो ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में भी मौसम उन पर इसी तरह से मेहरबान रहेगा।

# गोपालभावना स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

स्कूल को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सत्र भर संचालित करने, बच्चों को अपने पदानुरूप जिम्मेदारी का बोध कराने की दिशा में गत दिनो शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपालभावना संकुल केन्द्र नवघटा में बाल कैबिनेट का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बाल मन में समझ विकसित करते मतदान प्रक्रिया से किया गया। प्रधान पाठक रामबिलास पोर्टे ने बताया कि लोकतंत्र में जनता अपनी सरकार मतदान कर स्वयं चुनती है। इसी अंदाज में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोपाल भवना में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान की आयु निर्वाचन, प्रक्रिया, प्रतिनिधि का चुनाव, मतदान के लिए आवश्यक तैयारी, चुनाव आयोग के कार्य, लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष निर्वाचन चुनाव आदि की जानकारी प्रदान की गई।



तत्पश्चात प्रत्यक्ष रूप से दो पदों के लिए मतदान की गतिविधि सम्पन्न कराई गई। जिसमें शाला नायक चंचल साहू कक्षा आठवी, उप शाला नायक देविका चंद्राकर कक्षा सातवीं को चुना गया। शेष पदों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से चयन प्रकिया अपनाते पदाधिकारियों को निर्विरोध मनोनित किया गया। जिसमें सचिव असरानी धुर्वे, विज्ञान सचिव खुशी यादव, सांस्कृतिक सचिव रोहाणी धुर्वे, स्वच्छता सचिव तोकेश्वरी चंद्राकर, क्रीड़ा सचिव दीपिका धुर्वे, स्वास्थ्य सचिव बम्लेश्वरी पटेल, साहित्यिक सचिव ओमकार चंद्राकर, छात्रा प्रतिनिधि इंद्राणी निषाद, कक्षा नायक आठवीं जगतनाथ साहू, उप कक्षा नायक जया नेताम, कक्षा सातवीं कक्षा नायक सोनम नेताम,उप कक्षा नायक अक्षय चन्द्राकार, कक्षा छठवीं से कक्षा नायक धर्मेंद्र कुमार कश्यप, उप कक्षा नायक लक्ष्मी यादव को मनोनित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि बाल कैबिनेट गठन उपरांत बच्चों को अनुशासन अनुरूप कार्य व्यवहार करने मेरी शाला उत्कृष्ट शाला की संकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाने शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक आसकरण धुर्वे, संस्था के प्रधान पाठक रामबिलास पोर्टे, शिक्षक अशोक कुमार चंद्रवंशी, भागवत प्रसाद चंद्रवंशी सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सब्जियों के भाव में उछाल...



**कवर्धा।** लगातार की बारिश ने बड़ाए हरी सब्जियों के दाम।

## कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को मेडिकल, ठहरने सहित मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध

# कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को मिलेगी विशेष सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की विशेष पहल एवं निर्देशानुसार प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी श्रावण माह में आयोजित कांवड़ यात्रा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले से अमरकंटक की ओर प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों के लिए व्यापक और विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्य अमरकंटक स्थित मृत्युञ्जय आश्रम में कांवड़ियों के ठहरने, भोजन, स्वल्पाहार, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों की सुविधा के लिए पूरे आश्रम परिसर में जलप्रबंध, रात्रि विश्राम हेतु शयन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा हेतु प्राथमिक उपचार केन्द्र तथा शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही मार्गदर्शन एवं सूचना के लिए प्रमुख स्थानों पर बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में इस जनसेवा कार्य में जिला बोल बम समन्वय समिति के सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, दौवा गुप्ता, निशांत झा, सुधीर केशरवानी, मंजीत बैरागी, निर्मल द्विवेदी एवं रामसिंह ठाकुर व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं। ये सभी सदस्य लगातार स्थल पर व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय कर रहे हैं, ताकि कांवड़ यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सावन माह में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जब प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कबीरधाम जिले के डोंगरियां, भोरमदेव और बूढ़ा महादेव जैसे पवित्र स्थलों तक कांवड़ यात्रा करते हुए पहुँचते हैं। यह धार्मिक यात्रा केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

# मुख्यमंत्री के दौरे में मिले आवेदनों की समीक्षा के लिए होगी समय-सीमा बैठक

- ग्राम दलदली में 08 जुलाई को लगेगा विशेष फॉलो-अप शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 6 मई 2025 को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखण्ड के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्राम दलदली का दौरा किया गया था।

इस दौरान ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। इन आवेदनों की प्रगति की समीक्षा, त्वरित निराकरण और मुख्यमंत्री के आश्वासन, घोषणाओं के पालन की स्थिति का परीक्षण करने के लिए 08 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत दलदली में विशेष फॉलो-अप शिविर और समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक भी शिविर स्थल पर ही आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त समस्त आवेदनों का मौके पर परीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का सीधा लाभ आमजन को प्राप्त हो। उन्होंने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों अपने-अपने विभागों से संबंधित आवेदनों की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि इस बैठक में यह स्पष्ट होगा कि बीते दो माह पूर्व क्षेत्र के लोगों द्वारा सीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई शिकवा, शिकायतों व मार्गो पर प्रशासन तथा संबंधित विभागों द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की है।

### पदयात्रा में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक पहचान व जनभागीदारी का अनूठा संगम होगा: चंद्रप्रकाश

# बूढ़ामहादेव से भोरमदेव तक पदयात्रा आयोजन के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

14 जुलाई को पवित्र श्रावण मास को बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा पद यात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पद यात्रा को सफल बनाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सोमवार को शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्व नागरिक गण, मंदिर समिति के सदस्यगण सहित शिक्षा विभाग के सरकारी व प्राईवेट स्कूल के प्राचार्य गण के साथ बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप भोरमदेव पद यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर आवश्यक रूप से सहयोग के लिए कहा।

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने समस्त नगरवासियों, युवाओं, महिला मंडलों, धार्मिक संगठनों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और अन्य सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पदयात्रा में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने इस पदयात्रा के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को सहेजने के साथ-साथ जनमानस में सकारात्मक ऊर्जा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।

इस बैठक नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति गण, पार्षद गण, समाजसेवी जन, प्रबुद्व एवं वरिष्ठ नागरिकगण, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राईवेट स्कूल संघ जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास, सीबीएसई स्कूल संघ अध्यक्ष आदित्य चंद्रवंशी, प्राईवेट स्कूल संघ उपाध्यक्ष पवन देवांगन, रामशरण चंद्रवंशी के साथ अधिक संख्या में लोग उपस्थित थें।

### 14 जुलाई को निकलेगी भव्य पदयात्राः नपाध्यक्ष



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष सावन महीने के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पूरी भव्यता के साथ भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। भोरमदेव पद यात्रा सबेरे 7 बजे से बूढ़ा महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भोरमदेव मंदिर तक होगा। नगर पालिका श्री चंद्रवंशी आज जन आस्था से जुड़े भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों की बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। उन्होनें बताया कि बुढ़ामहादेव मंदिर से लेकर ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर तक आयोजित होने वाली भव्य पदयात्रा की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होने कहा कि यह पदयात्रा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक परंपराओं और सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करने का माध्यम है। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण और प्रेरणादायी बनाने हेतु सभी को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा तथा सभी प्राईवेट स्कूल व सरकारी स्कूल के प्राचार्य से कहा कि सभी अपने-अपने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पदयात्रा में शामिल होने हेतु प्रेरित करें। उन्होनें पदयात्रा से वापसी के समय स्कूल बस की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।

# कुण्डा में महाविद्यालय की स्वीकृति व स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार से ग्रामीणों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा



पंडरिया में 6 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारी बारिश के बाद उपस्थित विशाल जन समूह को वर्चुअल संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा की मांग पर ग्राम कुण्डा में कॉलेज भवन निर्माण की स्वीकृति एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंडरिया विधानसभा में 72 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया तथा पंडरिया में कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 5 निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की इसके अलावा विधायक की मांग पर रणवीरपूर में नवीन तहसील, वीरेंद्रनगर में नवीन महाविद्यालय, पंडरिया में नालंदा परिसर, ऑडिटोरियम, नगर पालिका के नवीन भवन, सड़क निर्माण सहित अनेकों कार्यों की स्वीकृति की घोषणा की। जिस पर ग्राम कुण्डा में महाविद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है, महाविद्यालय खुलने के बाद से ही

■ क्षेत्रवासियों ने श्रीमती भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

भवन निर्माण की मांग की जा रही थी, शिक्षा के क्षेत्र की यह महत्त्वपूर्ण मांग पूरी हुई है, इसके साथ-साथ कुण्डा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने की घोषणा भी मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। वहीं कुण्डा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना 40 वर्षों पूर्व की गई थी, दामापुर से मोहगांव तक बहुत बड़े क्षेत्र एवं बढ़ती आबादी के हिसाब से स्वास्थ्य सेवा में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी, विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने उन्नयन की घोषणा कर क्षेत्रवासियों की बहुत बड़ी मांग पूरी कर दी है। कुण्डा ग्राम एवं क्षेत्रवासियों ने महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति हेतु विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### आबकारी विभाग की अवैध कच्ची महुआ मदिरा के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय-धारण के विरूद्ध सोमवार को आबकारी वृत्त बोड़ला अंतर्गत ग्राम खिरसाली में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना मिली की खिरसाली में अवैध महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा है। संदेही आरोपी लोरीक यादव पिता जगदेव यादव आयु 32 वर्ष जाति यादव निवासी खिरसाली मकान में दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर मकान से कुल 47 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं बरामद किया गया। मौके पर मदिरा जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34(1) क, 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर जेल भेजा गया।

### क्षेत्र में कुबोट हाईटेक मशीनों से धान रोपा लगा रहे, किसान



**बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहते हैं और कबीरधाम जिले को कृषि प्रधान जिले के नाम से जाना जाता है। जिले में पिछले दिनों से लगातार हल्की तेज बारिश के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में अब धान फसल की रोपाई कार्य में तेजी आई है। वहीं खेतों में रोपाई के लिए धान फसल की थरहा तैयार हो गया है, रोपाई के लिए अनुकूल मौसम मिलते ही क्षेत्र के ग्रामीण किसान सुबह से शाम तक धान की रोपाई कार्य रफ्तार पकड़ लिया है। क्षेत्र में एक तरफ किसान मजदूरों से धान की रोपाई कार्य कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ जिन किसानों को मजदूर नहीं मिल रहा है। धान फसल की रोपाई के लिए वह कुबोट हाईटेक मशीन से धान की रोपाई कार्य करा रहे हैं। ग्राम सोनबरसा के किसान संतोष कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप व दौजरी के किसान नारायण चंद्रवंशी ने बताया कि कुबोट हाईटेक मशीन से एक एकड़ खेत में मात्र 2 घंटे के भीतर धान फसल की रोपाई कार्य पूर्ण हो जाता है वहीं 2 घंटे में चार लीटर पेट्रोल की खपत होती है। वहीं मजदूरों द्वारा धान फसल की रोपाई कार्य में एक एकड़ के हिसाब से 7000 रुपए का खर्च आता है।

# किचन शेड का अभाव, खुले आसमान के नीचे पक रहा मध्यान्ह भोजन

## छात्राओं व रसोइयों को उठानी पड़ रही भारी परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल राम्हेपुर कला में किचन शेड के अभाव में मध्यान्ह भोजन खुले आसमान के नीचे पकाने मजबूर है। जिनके कारण रसोईयों को बारिश के चलते भारी परेशानियां उठाना पड़ रहा है। स्कूल में मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए अब तक किचन शेड नहीं बनाया जा सका है, जिसके चलते विद्यार्थियों को धुएं युक्त माहौल में पढ़ाई-लिखाई करनी पड़ रही है।

खास बात यह है कि शासकीय प्राथमिक शाला राम्हेपुर कला में किचन शेड की अव्यवस्था बीते कई वर्षों से लगातार चली आ रही है, जिस पर स्थानीय प्रशासन, ब्लॉक व जिला शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों को कई बार अर्जी-विनती की गई लेकिन जिम्मेदारो को कोई लेना-देना नहीं है।

स्कूल में किचन शेड निर्माण के आभाव में धुएं युक्त माहौल में पढ़ रहे बच्चों को देखने के बाद भी किचन शेड निर्माण पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है वहीं छात्र छात्राओं में सर्दी-खांसी और एलर्जी से परेशान बच्चे नगर के सरकारी प्राथमिक में अध्ययनरत ज्यादातर बच्चे धुएं की वजह से सर्दी-खांसी और एलर्जी से पीड़ित हो रहे हैं, साथ ही धुएं का बुरा प्रभाव बच्चों के आंखों में भी पड़ रहा है। रसोईयों ने बताया कि खुले आसमान के नीचे बच्चों के लिए खाना बनाने मजबूर है।

किचन शेड नही होने के कारण रसोईयों को गर्मी, सर्दी व बरसात में खुले आसमान के नीचे लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियो के मध्यान्ह भोजन पकाने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणो व पालक गणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा मध्यान्ह कक्ष का नव-निर्माण कार्य कराएं जाने की मांग की गई, ताकि मध्यान्ह भोजन पकाने में रसोइयों को राहत मिल सके और मध्यान्ह भोजन सुरक्षित रह सके।

### दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मना

**बरबसपुर।** छत्तीसगढ़ शासन व समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम सिंघनपुरी-कवर्धा में दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय संचालित है। जहां संस्था में कक्षा 1ली से लेकर 7वीं तक की कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ है। यहां विशेष प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा दृष्टि बाधित छात्राओं को ब्रेल लिपि के माध्यम से एवं श्रवण बाधित छात्राओं को सांकेतिक भाषा के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन का कार्य करवाया जाता है। साथ ही श्रवण बाधित छात्राओं को ग्रुप हियरिंग डिवाइस के माध्यम से स्पीच थैरपी का कार्य भी करवाया जाता है। वहीं छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध है, जहां निःशुल्क भोजन, मनोरंजन, खेलकूद के साधन उपलब्ध है।

### नवोदय में परीक्षा के लिए 29 तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की अंतिम 29 जुलाई 2025 निर्धारित है। परीक्षा कबीरधाम जिले के अंतर्गत स्थित सभी सरकारी एवं गैरसरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्राचार्य नंदकिशोर लांजेवार ने बताया कि अभ्यर्थी कबीरधाम जिले, का निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य दोनों तिथियां शामिल होनी चाहिए। विद्यार्थी वर्तमान में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा तिथि 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी।

# दिवंगत शिक्षक को शिक्षकों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/भिंभौरी

जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंभौरी में हिन्दी के अध्यापक के रूप में लगभग 13 वर्षों से पदस्थ डामन सिंह साहू उम्र 45, पिता हरख राम साहू ग्राम कुम्ही तहसील भिंभौरी, जिला-बेमेतरा की तबियत गुरुवार को अचानक बिगड़ने के पश्चात उन्हें मेकाहारा अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था।

जिनका आकस्मिक निधन रविवार की शाम को हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को निकाली गयी। इस दुखद खबर से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। डामन सिंह साहू के परिवार में माता-पिता के अलावा



पत्नी त्रिवेणी साहू, दो पुत्री कु. अनीशा, कु. तानिया है। अंत्येष्टि कार्यक्रम में दोनों पुत्री के अलावा क्षेत्र के सभी स्कूलों के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों के द्वारा उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से भगवताचार्य पं. अनुप साहेबराम तिवारी अड़भार वाले, शासकीय उच्च माध्य विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र वर्मा, जनता उच्च माध्य विद्यालय के प्राचार्य आशाराम पैकरा, क्षेत्र के शिक्षकगण श्यामलाल साहू, माखनलाल साहू, मोहन कोसरे, रामकृपालु वैष्णव, भरत कुमार नायडू, ओमकुमार साहू, संतोष, बेरला सचिव संघ अध्यक्ष कमलेश्वर देशलहरे, सचिव रामानंद साहू के अलावा बहुत से व्यापारी, किसान आदि उपस्थित थे। जिन्होंने शिक्षक डामन सिंह साहू के आकस्मिक निधन को परिवार के साथ साथ पूरे क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

# सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज की पर्याप्त आपूर्ति ने खेती-किसानी की बढ़ाई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



जिले में खरीफ वर्ष 2025 के अंतर्गत किसानों को समय पर रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और कृषि विभाग के सतत प्रयासों से अब तक कुल निर्धारित 55.864 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध 39.322 मीट्रिक टन खाद का भण्डारण और 35.201 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। यह आंकड़ा कुल लक्ष्य का लगभग 70 प्रतिशत है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के विशेष निर्देशों के अंतर्गत जिले की सभी प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति और भंडारण की कार्यवाही सुनियोजित ढंग से की जा रही है। जिले में स्थापित डबल लॉक केन्द्रों में वर्तमान में 3.128 मीट्रिक टन खाद सुरक्षित भण्डारित है। कृषकों की मांग के अनुसार खाद की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप संचालक कृषि अमित मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को डीएपी खाद के साथ-साथ वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एनपीके एवं एसएसपी की ओर भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मैदानी अमलों द्वारा गांव-गांव जाकर कृषकों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष वैकल्पिक खादों का उठाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पौध अवस्था के अनुसार खाद जैसे यूरिया का छिड़काव समय पर किया जाए। खरीफ मौसम के शेष तीन महीनों के दौरान यूरिया और एनपीके की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला विपणन अधिकारी और कृषि विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर कंपनियों एवं वरिष्ठ कार्यालयों से लगातार संवाद किया जा रहा है।

### ग्राम विकास एवं स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा: हरेन्द्र चंद्राकर

# कुण्डा में नालियों की सफाई, अभियान शुरु







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत कुण्डा में युवा सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा महा सफाई अभियान की शुरुआत शुक्रवार को की गई। जिसमें सरपंच हरेंद्र चंद्राकर एवं उपसरपंच मुमताज अहमद एवं समस्त पंचगणों ने मुख्य मार्ग सहित सभी वार्डो में व सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों साथ ही साथ गलियों में घूमकर नलियों का निरीक्षण कर सफाई का जायजा लिया एवं सफाई कार्य का आगाज किया। ग्राम पंचायत कुण्डा में युवा एवं सक्रिय सरपंच हरेंद्र चंद्राकर साथ में अनुभवी उपसरपंच मुमताज अहमद के रूप में एवं समस्त पंचगण, युवा वर्ग व सक्रिय मिला है जो आपसी समन्वय में ग्राम की विकास एवं स्वच्छता की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत कुण्डा के मुख्य एवं राष्ट्रीय राज्य मार्ग बिलासपुर-जबलपुर मार्ग के दोनों ओर निर्मित गहरा नाली विगत कई वर्षों से सफाई के अभाव के कारण गंदगी से अटा था। जिसे सरपंच, उपसरपंच एवं समस्त पंचगणों ने पैदल घूमकर निरीक्षण कर नालियों की जेसीबी से सफाई की शुरुआत की। वही सरपंच व उपसरपंच एवं पंचों ने नाली पर से अतिक्रमण हटवाकर नालियों का बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराकर एवं मार्ग की साइड सोल्डर से दुकानदारों के द्वारा रखे समानों को हटाने व्यापारियो से आग्रह कर ग्राम विकास स्वच्छता में सहयोग देने की अपील की गई।

### ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाना प्राथमिकताः चंद्राकर

युवा सरपंच हरेंद्र चंद्राकर ने कहा ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध कराना मेरा प्रथम प्राथमिकता है। कुण्डा के गणमान्य नागरिकों ने जो मेरे ऊपर विश्वास करके मुझे चुना है, मैं उस विश्वास में खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा मेरा उद्देश्य ग्रामीणों के हर घर तक शुद्धपेय पहुंचना हर पात्र-हितग्राहियों को राशन मिले हर पात्र हितग्राहियों को पेंशन मिले एवं हर पात्र-हितग्राहियों प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिले। तालाबों की सौंदर्यीकरण एवं मुक्तिधाम में आहता व सौंदर्यीकरण हो 50 बिस्तर अस्पताल एवं महाविद्याल के खुद भवन हो इसके लिए मै क्षेत्रीय विधायक भावना से स्वीकृति प्रदान करने की आग्रह किया।

### स्वच्छ भारत के तहत कुण्डा को स्वच्छ रखेंगेः मुमताज अहमद

ग्राम पंचायत कुण्डा के अनुभवी उपसरपंच मुमताज अहमद ने कहा जो वार्डवासियों एवं पंचों ने विश्वास कर मुझे उपसरपंच बनाया है, मैं वो विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। सरपंच एवं पंचगणों की आपसी तालमेल से हमारा ग्राम विकास के पथ अग्रसर रहेगा, हामार प्रथम प्राथमिकता रहेगा हमारा ग्राम स्वच्छ एवं सुंदर हो।

